<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 20 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोयम्बटूर से जारी की पीएम–किसान सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त। पिछले ग्यारह वर्षों में कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों पर की चर्चा। कहा– जैव उर्वरकों पर जीएसटी में कमी से भी किसानों को मिल रही है मदद।
- मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 95 नई परियोजनाओं को दी स्वीकृति। मेरठ, कानपुर और मथुरा–वृंदावन की विकास कार्य योजना की प्रगति की भी की समीक्षा ।
- अयोध्या में आज से कलश यात्रा के साथ शुरू हो रहे हैं ध्वजारोहण समारोह के अनुष्ठान। मुख्य समारोह की तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप।
- प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर में सक्रिय भागीदारी की अपील ।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल कोयम्बटूर से पीएम–किसान सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त जारी की। इससे प्रदेश के लगभग 2 करोड़ 15 लाख किसानों सहित देश भर के 9 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में कृषि क्षेत्र का कायाकल्प हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्राकृतिक खेती के मामले में वैश्विक केंद्र बन गया है।

**भारत नेचुरल फार्मिंग का ग्लोबल हब बनने के रास्ते पर है। हमारी बायोडायवर्सिटी एक नया आकार ले रही है। देश के युवा भी अब एग्रीकल्चर को एक मॉडर्न स्केलेबल अपॉर्चुनिटी के रूप में देख रहे हैं। इससे देश की रूरल इकोनॉमी को बहुत बड़ी ताकत मिलने जा रही है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को दस लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता की गई है। उन्होंने कहा कि जैव–उर्वरकों पर जीएसटी में कमी से भी किसानों को काफी मदद मिली है।

**किसान क्रेडिट कार्ड अकेले केसीसी से ही इस साल किसानों को 10 लाख करोड रुपए से ज्यादा की मदद दी गई है। 7 साल पहले पशुपालकों और मछली पलकों को केसीसी की सुविधा मिलने के बाद वह भी इसका जमकर लाभ उठा रहे हैं। बायो फर्टिलाइजर पर जीएसटी कम होने से भी किसानों को बहुत फायदा हुआ है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के किसानों की ओर से सम्मान निधि के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इससे राज्य के कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के कई जिलों में देखा गया। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहीं। लखनऊ के कृषि निदेशालय में हुए कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। वहीं एक अन्य बैठक में मेरठ, कानपुर और मथुरा–वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग 9 लाख किसान और ग्रामीण आबादी को लाभ मिलेगा। इसके अलावा श्री योगी ने मेरठ, कानपुर औरमथुरा–वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नगरों का विकास उनकी स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन बनाते हुए किया जाए। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

**********

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ऑफलाइन सत्यापन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए आधार ऐप लॉन्च करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि आधार ऐप कागज रहित पहचान साझाकरण की सुविधा प्रदान करेगा, जो संपूर्ण या चयनित आधार जानकारी को सत्यापित और साझा करने का विकल्प देगा।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में कल आगरा में आयोजित एकता मार्च में हिस्सा लिया।

**********

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पचीस नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह के अनुष्ठान आज से कलश यात्रा के साथ शुरू हो रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, अयोध्या में तेईस से पचीस नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। वहां ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

**श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराने के साथ ही परिसर में बने सात अन्य मंदिरों में भी पताका फहराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मीटर चौड़े और 22 मीटर लंबे ध्वज को फहराने का सफल ट्रायल किया जा चुका है और कार्यक्रम की सभी तकनीकी तैयारियां पूरी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि ध्वजारोहण के चलते 25 नवंबर को श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन नहीं मिल पाएंगे। हालांकि 26 नवंबर को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसको लेकर समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। अयोध्या से तन्मय सोने के साथ समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठकं।**

श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि दर्शन के समय को सामान्य दिनों की तुलना में बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है।

**हम यह जानते हैं कि एक बहुत बड़ी चुनौती 26 तारीख को रहेगी। जैसा कि जनवरी में था जब की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। एकाएक भीड़ आएगी लेकिन कोशिश यह की जा रही है कि उस दिन कम से कम 26 तारीख को 15–16 घंटे या उससे भी अधिक मंदिर खुला रहे जिससे जो लोग भी बाहर से आएंगे उनको पूरी दर्शन हो सके।**

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र को मतदाता ध्यानपूर्वक भरकर बीएलओ को वापस दें।

**उत्तर प्रदेश के सभी मतदाताओं से मेरी यह अपील है कि हमारा घर–घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म बांटने का चरण शुरू हो चुका है। गणना फार्म मिलने पर उस पर अपना हस्ताक्षर करके बीएलओ को वापस कर दें। यदि मतदाता घर पर नहीं है तो परिवार का कोई एक सदस्य सभी परिवार के सदस्यों के गणना फॉर्म पर हस्ताक्षर कर सकता है। हस्ताक्षर करके बीएलओ को देने के साथ ही साथ एक प्रिंट अपने पास वह जरूर रखें। ऐसे मतदाता जिनका हस्ताक्षर किया हुआ फॉर्म हमें मिल जाए। उन सब का नाम हमारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जो 9 दिसंबर को प्रकाशित होगी, उसमें आ जाएगा।**

गोरखपुर में फिल्म अभिनेता और सदर सांसद रवि किशन शुक्ल ने भी एसआईआर अभियान से जुड़े गणना प्रपत्र को भर कर अधिकारियों को सौंप दिया। उन्होंने मतदाताओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

**********

छप्पनवां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह– इफ्फी दो हजार पचीस आज से गोआ में शुरू होगा। इस नौ दिवसीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती परेड के साथ होगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**इफ्फी 2025 कई मायनों में खास है। इस वर्ष उद्घाटन समारोह को एक नए रूप में पेश किया जा रहा है और पारंपरिक इनडोर कार्यक्रम की जगह अब स्ट्रीट कार्निवल ने ली है। महोत्सव के दौरान 13 विश्व प्रीमियर और 46 एशियाई प्रीमियर होंगे। सर्वश्रेष्ठ फिल्म को प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार के साथ 40 लाख रुपये का नकद सम्मान दिया जाएगा। अस्सी से अधिक देशों के अतिथियों, फिल्म निर्माताओं और 270 से ज्यादा फिल्मों की भागीदारी आयोजन को वास्तव में अंतरराष्ट्रीय आयाम प्रदान कर रही है। आदर्श के साथ निखिल कुमार, आकाशवाणी समाचार, पणजी गोवा।**

**********

मौसम विभाग ने इक्कीस नवम्बर तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में कहीं कहीं हल्के कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इसके बाद इन संभागों में कहीं–कहीं मध्यम कोहरे की भी स्थिति बनेगी। विभाग ने पचीस नवम्बर तक मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान भी जताया है।

**********